


हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन




RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ५ अंक २०७ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० ०१ दिसम्बर २०२१ दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी


# मात्र 4.76 लाख रुपये में मिलेंगे फ्लैट, पीएम मोदी 1 जनवरी को करेंगे लाइट हाउस प्रोजेक्ट का शिलान्यास

## 14 मंजिला टावर और 1040 शहरी गरीबों के लिए फ्लैट







प्रखर लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नए साल के पहले दिन (1 जनवरी) लाइट हाउस प्रोजेक्ट (एलएचपी) का शिलान्यास करेंगे. इसके तहत लखनऊ के 1040 शहरी गरीबों को पौने 5 लाख में 415 वर्गफीट एरिया का फ्लैट अगले साल (2022) सौंपा जाएगा. इसकी कीमत 12 लाख 59 हजार होगी, इसमें केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से 7 लाख 83 हजार रुपए अनुदान के रूप में दिए जाएंगे. शेष धनराशि 4 लाख 76 हजार ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लाभार्थी को देने होंगे. फ्लैट का आवंटन प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अनुसार किया जाएगा और डूडा के माध्यम से डीएम की अध्यक्षता में खुली लॉटरी कराई जाएगी। देश में 6 राज्यों में ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चौलेंज इंडिया (जीएचटीसी इण्डिया) की नींव और प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के वितरण कार्यक्रम में दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली जुड़ेंगे. जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहीद पथ स्थित अवध विहार योजना में सुबह 11 बजे प्रस्तावित प्रोजेक्ट से लाइव जुड़ेंगे. इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ का संबोधन भी होगा. कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कई कैटेगरी में अवार्डों की घोषणा भी करेंगे. इसके बाद एलएचपी का शिलान्यास किया जाएगा. आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार ने शहरी कमजोर वर्गों को ध्यान में रखते हुए छह राज्यों मध्य प्रदेश में इन्दौर, गुजरात में राजकोट, तमिलनाडु में चेन्नई, झारखण्ड में रांची, त्रिपुरा में अगरतला और उत्तर प्रदेश में लखनऊ को लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत आवास बनाने के लिए चुना है. शहीद पथ स्थित अवध विहार योजना में बनने वाले एलएचपी का क्रियान्वयन 34.50 वर्ग मीटर कारपेट एरिया में किया जा रहा है. जिसके तहत 14 मंजिला टावर बनेगा और उसमें 1040 फ्लैट कमजोर वर्ग के लोगों को मिलेंगे। प्रदेश सरकार भवन निर्माण सम्बन्धित अनुसंधान संस्थाओं, छात्रों, प्रौद्योगिक संस्थाओं, वास्तुविदों और अभियंताओं में नई तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा दे रही है. प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में नई तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है, जिस कारण निर्माण कार्य करीब एक साल में पूरा हो सकेगा. एलएचपी निर्माण क्षेत्र को बदलकर रख देगा. प्री फैब्रिकेटेड वस्तुओं के प्रयोग से निर्माण ज्यादा टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल होगा। 12 लाख 59 हजार में भारत सरकार साढ़े 5 लाख रुपए अनुदान देगी. प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत डेढ़ लाख, टेक्निकल इनोवेशन ग्रांट (टीआईजी) के तहत चार लाख, जबकि राज्य सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक लाख और टीआईजी के तहत एक लाख 33 हजार रुपए दिए जाएंगे।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वां के हिन्दू मंदिर मे तोड़फोड़

## कई मंत्रियों ने दिया बयान, सुप्रीम कोर्ट भी हुआ सक्रिय



प्रखर एजेंसी। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वां के करक जिले में एक हिन्दू मंदिर में बुधवार को आग लगाने के साथ तोड़फोड़ की गई थी. इसे लेकर इमरान खान सरकार की आलोचना हो रही है. इमरान खान भारत में अल्पसंख्यकों को लेकर मोदी सरकार पर हमलावर रहते हैं और पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को बराबरी का हक देने की बात करते हैं. लेकिन उनकी सरकार में अल्पसंख्यक इस्लामिक कट्टरपंथियों के निशाने पर हैं. मंदिर में आग लगाने और तोड़फोड़ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था. लोग पूछने लगे कि क्या इमरान खान का यही नया पाकिस्तान है. पाकिस्तानी अखबार डॉन के अनुसार, इस मामले में अब तक 26 लोगों की गिरफ्तारी हुई है. कुल 350 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है जिसमें जमीयत उलेमा–ए–इस्लाम के स्थानीय नेता रहमत खटक का नाम भी शामिल है। पूरे मामले में पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस गुलजार अहमद ने गुरुवार को स्वतः संज्ञान लिया. इस मामले में अदालत पांच जनवरी को सुनवाई करेगी. सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तान अल्पसंख्यक अधिकार आयोग के प्रमुख, खैबर पख्तूनख्वां के आईजी और मुख्य सचिव को समन किया है. इन्हें सुप्रीम कोर्ट में चार जनवरी तक रिपोर्ट करने को कहा गया है. जियो टीवी के मुताबिक, पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने पाकिस्तान हिन्दू काउंसिल के प्रमुख रमेश कुमार से मुलाकात की है. इस मुलाकात में रमेश कुमार ने सीजेपी के सामने पूरे मामले पर अपना पक्ष रखा है. सुप्रीम कोर्ट ने इस वाकये की निंदा की है।

# प्रदेश में फसाद नहीं विकास की राजनीति चलेगी – योगी आदित्यनाथ

## अयोध्या में श्री राममंदिर का शिलान्यास गर्व की बात – योगी आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री ने कहा आने वाले साल में अब फसाद नहीं सिर्फ विकास की होगी बात**

**भदोही में योगी आदित्यनाथ ने 200 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास**

**प्रदेश में मिलेगा चार लाख युवाओं को रोजगार, बंद होगा पलायन**




प्रखर भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही में साल के अंतिम दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 200 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कारपेट एक्सपो मार्ट भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा अयोध्या में श्रीराम मंदिर का शिलान्यास हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। प्रदेशमें आने वाला साल अब झगड़े– फसाद के बजाय उपलब्धियों और विकास का होगा। यहाँ जाति– धर्म की राजनीति नहीं चलेगी। इस दौरान समाजवादी पार्टी के लोगों ने प्रदर्शन भी किया। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को कालीन हस्तशिल्पकारों के साथ 500 लोगों को विभिन्न लाभकारी परियोजनाओं का चेक भी बाँटा। जिसमें महिलाएँ भी शामिल रहीं। उन्होंने कहा किसानों ने भारत ने भारत को आत्मनिर्भर बनाया है। सरकार उनकी सुविधाओं का पूरा खयाल रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पूरे प्रदेश की जनता को विकास के साथ जोड़ा है। हमने एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत वाराणसी के साड़ी के उद्योग के साथ भदोही के कालीन उद्योग को भी जोड़ा है। प्रदेश के हर जिले की अपनी अलग पहचान है। सिद्धार्थनगर का काला चावल तो कौशांबी का अमरूद अपनी पहचान बना रहा है। चंदौली ब्लैक राइस का उत्पादन कर रहा है जिसकी कीमत 700 रुपए प्रति किलो है। मुख्यमंत्री ने कहा हम कालीन उद्योग को बाजार देने आएँ हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भदोही ने प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत कि की परिकल्पना को साकार किया है। उत्तर प्रदेश असीम सम्भावनाओं का प्रदेश है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को हम नई दिशा की तरफ लेकर जा रहें हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत दुनिया का नेतृत्व करेगा। मोदी ने छह साल में भारत की तस्वीर बदल दिया। यह नया भारत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के एजेंडे में जाति और मजहब था जिसकी वजह से भारत को मजबूत बनाने के बजाय मजबूर बनाया। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना काल की चुनौतियों का सामने करते हुए भारत को एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाया। मोदी की इस लड़ाई ने दुनिया को पीछे छोड़ दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुजरता साल बेहद चुनौतियों भरा था। कोरोना जैसी महामारी से देश जीत कर बाहर निकला है। हमारी सरकार ने इस चुनौती का सामना करते हुए प्रदेश की 24 करोड़ जनता की जान को सुरक्षित रखा। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में अब झगडे की नहीं विकास की बात होगी। हमारा प्रदेश एक उत्पाद एक योजना में तेजी से विकास की तरफ बढ़ रहा है। प्रदेश में सोनभद्र, आजमगढ़, चित्रकूट समेत 14 एयरपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। प्रयाग समेत सात को वायुमार्ग से जोड़ दिया गया है। गुजरा साल चुनौती के साथ जोड़ने और उपलब्धियों का भी रहा है। इस दौरान सबसे अधिक तकनीकी विकास हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है। दिपावली पर मिट्टी और गाय के गोबर से बने दीप से अयोध्या में सात लाख दीपों से दीपावली मनाई गई। जबकि काशी में देव दिपावली पर 30 लाख दीप जलाए गए। उन्होंने कहा हम प्रदेश को नई दिशा में लेकर जा रहें हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सम्पूर्ण विकास की सारी जरूरतें अब प्रदेश में ही पूरी होंगी। उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊँचाई चूम रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के लोग अब भदोही आकर कालीन खरीदेंगे। इस मार्ट में 90 से अधिक दुकानें होंगी। प्रदेश में एक्सप्रेस– वे का तेजी से निर्माण हो रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश को जल्द प्रयागराज से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा की देश में 5 हजार करोड़ का निर्यात होता है जिसमें भदोही अकेले चार करोड़ का कालीन निर्यात करता है। प्रदेश में अब तक लगभग पौने चार लाख युवाओं को रोजगार दिया जा चुका है। उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। युवाओं का पलायन जल्द रूकेगा। सभी को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इस लघु एवं सूक्ष्म उद्योग मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, महेश श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, रमाशंकर पटेल, सांसद रमेशचंद्र बिन्द, विधायक रवीन्द्रनाथ त्रिपाठी, विधायक दीनानाथ भास्कर,सचिव नवनीत सहगल समेत दूसरे लोग शामिल थे।

# भारत में 25 हुई कोरोना के नए स्ट्रेन की तादाद



प्रखर नई दिल्ली/एजेंसी। देश में धीरे–धीरे कोरोना का नया स्ट्रेन पैर पसारने लगा है। केंद्र सरकार ने गुरुवार को बताया कि SARS&CoV–2 के नए यूके वैरिएंट के पांच नए मिलने के साथ ही देश इसके मरीजों की तादा 25 तक पहुंच गई है। पांच नए मामलों में से एक का पता सीएसआईआर इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी दिल्ली में और चार ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी पुणे में लगाया है।स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सभी 25 व्यक्तियों को स्वास्थ्य सुविधाओं में अलगाव में रखा गया हैं। यूके वैरिएंट कोरोना वायरस के 20 अन्य मामलों में से आठ को दिल्ली में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र में, सात को बैंगलोर में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो–साइंसेज, दो को हैदराबाद में सेल्युलर और आणविक जीवविज्ञान में और एक को क्रमशः कोलकाता के पास नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिकल जीनोमिक्स, पुणे में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी और सीएसआईआर इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी में पाया गया है। केंद्र ने बुधवार को घोषणा की थी कि यूके के छह रिटर्न नए स्ट्रेन जीनोम के साथ पॉजिटिव पाए गए थे और इन सभी को नामित स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में क्वारंटीन कर दिया गया है। हाल ही में, यूके सरकार ने घोषणा की थी कि उनकी आबादी में पाए जाने वाले नया स्ट्रेन 70 प्रतिशत तक अधिक तेजी से फैलता हैं। नए यूके संस्करण की उपस्थिति अब तक नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, इटली, स्वीडन, डेनमार्क, जर्मनी, कनाडा, फ्रांस, स्पेन, स्विट्जरलैंड, जापान, लेबनान और सिंगापुर में रिपोर्ट की गई है। केंद्र सरकार ने नए स्ट्रेन को देखते हुए 23 दिसंबर की आधी रात से 31 दिसंबर तक ब्रिटेन से आने वाली सभी उड़ानों को अस्थायी निलंबन कर दिया था। बाद में इसे बढ़ाकर 7 जनवरी तक कर दिया गया था। 25 नवंबर से 23 दिसंबर की मध्यरात्रि तक लगभग 33,000 यात्री ब्रिटेन से भारत पहुंचे थे। सरकार इन सभी यात्रियों पर नजर रख रही है।

# दिल्ली के बाद मुंबई ने भी नए साल की पूर्व संध्या पर लगाया कर्फ्यू


प्रखर मुंबई। नए साल की पूर्व संध्या पर मुंबई में रात 11 बजे से सुबह 6 बजे के बीच रात का कर्फ्यू लगा रहेगा। मुंबई पुलिस ड्रोन की मदद से रेस्तरां, पब, बार और समुद्र तटों पर रात की पार्टियों पर कड़ी नजर रखेगी। कोविड–19 के कारण पुलिस ड्रंकन ड्राइविंग पर जांच करने के लिए व्यक्तियों के रक्त के नमूने भी एकत्र कर सकती है। मुंबई पुलिस के प्रवक्ता एस चौतन्य ने कहा, रात का कर्फ्यू आज रात 11 बजे से कल सुबह 6 बजे तक रहेगा। धारा 144 लागू रहेगी, जिसके तहत पांच या अधिक व्यक्तियों के जमावड़े पर रोक लगाई जाएगी। रेस्तरां, पब, बार, समुद्र तट, छतों और नावों में किसी भी पार्टी को अनुमति नहीं है। हम ड्रोन का उपयोग करते हुए देखते रहेंगे। बुधवार को, बीएमसी कमिश्नर इकबाल चहल ने कहा कि अगर लोग रात 11 बजे के बाद सड़कों पर होते हैं तो कोई भी लोगों की जांच नहीं करेगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि रात का कर्फ्यू है, लॉकडाउन नहीं। लेकिन कोविड–19 मानदंडों का पालन सुनिश्चित करने के लिए यह एक निवारक उपाय है। उन्होंने कहा, ष्आप 31 तारीख को अपने परिवार के साथ बाहर जाते हैं, एक अच्छा रात्रिभोज करते हैं। रात 11.00 बजे तक जाग सकते हैं और कोई भी आपको रात 11.00 बजे के बाद सड़क पर होने से रोक नहीं सकता है।

# भाजपा विधायक रमेशचंद्र मिश्र ने मुख्यमंत्री से मिलकर बदलापुर में केंद्रीय विद्यालय व अमूल दूध प्लांट खोले जाने की मांग की



प्रखर जौनपुर। बदलापुर विधयाक रमेशचंद्र मिश्र द्वारा क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों की चर्चा पूरे जनपद में हो रही है।अपने विकास कार्यों की बदौलत वे जन–मन में अपनी छवि विकास पुरुष के रूप में बना चुके हैं।अपनी पहचान के अनुरूप ही उन्होंने साल के आखिरी दिन पर भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर क्षेत्र की बेहतरी के लिए केंद्रीय विद्यालय व अमूल दूध प्लांट खोले जाने की मांग की है। आपको बता दें कि बदलापुर की तरक्की के लिए उक्त दोनों कार्य बेहद महत्वपूर्ण हैं।बदलापुर के भाजपा विधायक श्री रमेश चन्द्र मिश्र ने इन योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि अमूल दूध प्लांट खोले जाने से क्षेत्र में रोजगार का सृजन व किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी।जबकि केंद्रीय विद्यालय बनने से क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा हाशिल हो सकेगी।क्षेत्र के विकास के लिए उनके द्वारा किए जा रहे ऐतिहासिक प्रयासों की चारों तरफ प्रशंसा हो रही है।




# जांच के नाम पर खानापूर्ति और बढ़ गई वसूली

**योगी जी का निरीक्षण और दिए जा रहे आदेश केवल पन्नों पर कार्रवाई बना कानूनी खेल**

प्रखर वाराणसी। चाहे सरकार किसी की हो लेकिन सरकारी तंत्र और व्यवस्था का सही मापन अधिकारी अपने मन मुताबिक बना ही लेते हैं आज आपको बताते हैं कि वाराणसी के थाना सिगरा अंतर्गत अबैध व अनैतिक तरीके से संचालित हो रहे हैं गेस्ट हाउस, होटल पिछले दिनों मीडिया में सुर्खियां बटोर रहा था जहां एल आई यू की रिपोर्ट के मुताबिक लगभग 50 ऐसे गेस्ट हाउस व होटल जो बिना किसी लाइसेंस और मानक के संचालित हो रहे हैं वहां अनैतिक तरीके से कार्य हो रहा है जिसकी रिपोर्ट एलआईयू ने शासन को सौंपी शासन और पर्यटन विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच की गई जिसमें रिपोर्ट को सही माना गया इसके बाद कमेटी गठित कर कठोरतम कार्रवाई की बात कही गई लेकिन आपको बताते चलें कि शासन की क्या मंशा है अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है लगभग 4 महीने हो गए और कार्रवाई के नाम पर स्थानीय पुलिस की वसूली बढ़ गई है सूत्रों के मुताबिक जहां अनैतिक गेस्ट हाउस जो अवैध तरीके से संचालित हो रहे हैं जिससे 2000 मासिक लिया जाता था उससे अब 10000 की राशि वसूली जा रही है अर्थात आप समझ सकते हैं कि मीडिया में सुर्खियां बना और मामले का उछलने से लाभान्वित कौन हो रहा है सूत्र यह भी बताते हैं कि पूरी मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया जिससे कि वहां संचालित हो रहे अनैतिक कार्य सुचारू रूप से चल सके ! आपको बताते चलें कि पिछले दिनों लगातार दैनिक अखबार व टीवी चौनलों की सुर्खियों में यह खबर बनी हुई थी लेकिन हुआ क्या यह स्थानीय लोग व जनता शासन से यह जानने की कोशिश व कयावत में जुटी है कि क्या जांच का मतलब खानापूर्ति कर वसूली कराना होता है' या किसी भी समस्या का निवारण देना अब आगे यह देखना होगा कि खबर वायरल होने के बाद सरकारी महकमे में और वसूली कर रहे लोगों में कैसी भगदड़ मचती है क्या नैतिक जिम्मेदारी के साथ कारवाई किया जाता है या फिर वही पुरानी खेल बदस्तूर जारी रहेगी ।

# ऐ नया तू साल !

**कृष्णेन्द्र राय**



सही सलामत रहना ।
ऐ नया तू साल ।।
बड़ा भ्राता तेरा ।
कर के गया कमाल ।।
अनियंत्रित, बेलगाम ।
गया चल के चाल ।।
जन्मजात मनहूस ।
हुआ नीचा भाल ।।
ले तुम उससे सीख ।
रहना जरा विनम्र ।।
खिलखिलाते लेना जन्म ।
ना हो कोई भ्रम ।।
टकटकी लगाकर ।
रहे हम निहार ।।
कर देना सम्पन्न ।
खत्म हो उधार ।।

# नववर्ष १ जनवरी को नहीं, अपितु चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही मनाएं !

हिन्दुओ, नववर्ष १ जनवरी को नहीं, अपितु हिन्दू संस्कृतिनुसार चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही मनाकर धर्मपालन के आनंद का अनुभव लें !

१. 31 दिसंबर की रात में मद्यपान और मांसाहार कर केवल मनोरंजन में बीतानेवाले हिन्दू !

हिन्दू धर्म सर्वश्रेष्ठ धर्म हैय परंतु दुर्भाग्य की बात है कि हिन्दू ही इसे समझ नहीं पाते । पाश्चात्यों के योग्य और अधर्मी कृत्यों का अंधानुकरण करने में ही अपनेआप को धन्य समझते हैं । ३१ दिसंबर की रात में नववर्ष का स्वागत और १ जनवरी को नववर्षारंभदिन मनाने लगे हैं ।

इस दिन रात में मांसाहार करना, मद्यपान कर चलचित्र (फिल्मी) गीतोंपर नाचना, पार्टियां करना, वेग से वाहन चलाना, युवतियों से छेडछाड करना आदि अनेक कुप्रथाओं में वृद्धि होती दिखाई दे रही है ।फलस्वरूप युवा पीढी विकृत और व्यसनाधीन हो रही है और नववर्षारंभ अशुभ पद्धति से मनाया जा रहा है । स्वतंत्रता के पश्चात भी अंग्रेजों की मानसिक दास्यता में जकडे रह जाने का यह उदाहरण है ।

२. चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को नववर्षारंभदिन होने के कारण

२ अ. प्राकृतिक कारण

इस समय अर्थात वसंत ऋतु में वृक्ष पल्लवित हो जाते हैं । उत्साहवर्धक और आल्हाददायक वातावरण होता है । ग्रहों की स्थिति में भी परिवर्तन आता है । ऐसा लगता है कि मानो प्रकृति भी नववर्ष का स्वागत कर रही है ।

२ आ. ऐतिहासिक कारण

इस दिन प्रभु श्रीराम ने बाली का वध किया । इसी दिन से शालिवाहन शक आरंभ हुआ ।

२ इ. आध्यात्मिक कारण

२ इ १. सृष्टि की निर्मिति

इसी दिन ब्रह्मदेव द्वारा सृष्टि का निर्माण, अर्थात सत्ययुग का आरंभ हुआ । यही वर्षारंभ है । निर्मिति से संबंधित प्रजापति तरंगें इस दिन पृथ्वी पर सर्वाधिक मात्रा में आती हैं । गुडी पूजन से इन तरंगों का पूजक को वर्ष भर लाभ होता है ।

२ इ २. साढे तीन मुहूर्तों में से एक

वर्षप्रतिपदा साढे तीन मुहूर्तों में से एक है, इसलिए इस दिन कोई भी शुभकार्य कर सकते हैं । इस दिन कोई भी घटिका (समय) शुभमुहूर्त ही होता है ।

३. वर्षप्रतिपदा, एक तेजोमयी दिन, तो ३१ दिसंबर की रात एक तमोगुणी रात !

चौत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के सूर्योदय पर नववर्ष आरंभ होता है । इसलिए यह एक तेजोमय दिन है । किंतु रात के १२ बजे तमोगुण बढने लगता है । अंग्रेजों का नववर्ष रात के १२ बजे आरंभ होता है । प्रकृति के नियमों का पालन करने से वह कृत्य मनुष्यजाति के लिए सहायक और इसके विरुद्ध करने से वह हानिप्रद हो जाता है । पाश्चात्य संस्कृति तामसिक (कष्टदायक) है, तो हिन्दू संस्कृति सात्त्विक है !

४. ३१ दिसंबर की कुप्रथा को कुचलकर, स्वैराचारी और संस्कृतिहीन बनानेवाले पाश्चात्यों के अंधानुकरण से बचें !

४ अ. पाश्चात्यों का अंधानुकरण अर्थात जीवन का पतन !

३१ दिसंबर अर्थात स्वैराचार का अश्लील प्रदर्शन ! इससे सभ्यता और नैतिकता का अवमूल्यन होकर वृत्ति अधिकाधिक तामसिक बनती है । राष्ट्र की युवा पीढी राष्ट्र एवं धर्म का कार्य करना छोडकर रेन डांस, पार्टियां और पब की दिशा में झुक जाती है !

४ आ. हिन्दू संस्कृति से जीवन होता है संयमी और संतुष्ट !

हिन्दू संस्कृति द्वारा सिखाए संस्कार, त्यौहार, उत्सव, व्रत, धार्मिक कृत्य आदि से वृत्ति सात्त्विक बनकर जीवन संयमी और संतुष्ट होता है ।

५. संस्कृति पर हो रहे आक्रमण का प्रतिकार कर पाश्चात्यों की दास्यता से मुक्त होने के लिए हिन्दुओं यह करें ! अंग्रेजों के दास्यत्व से मातृभूमि को मुक्त करने के लिए क्रांतिकारियों ने अथक प्रयत्न किए । हमें भी अपनी संस्कृति पर हो रहे इस आक्रमण का प्रतिकार करना चाहिए । इस हेतु निम्नप्रकार से जनजागृति कर धर्मरक्षा में हाथ बंटाकर पाश्चात्यों की दास्यता से मुक्त हो जाएं ! अ. सभी सगे–संबंधी, परिचित और मित्रों को भ्रमणभाष पर लघुसंदेश भेजें दृ १ जनवरी को नहींय अपितु वर्षप्रतिपदा पर शुभकामनाएं देकर
भारतीय संस्कृतिनुसार नववर्ष मनाएं और हिन्द संस्कृति के प्रति अभिमान संजोएं !

**संदर्भ – हिन्दी 'सनातन प्रभात'**

**अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें –**
**श्री. गुरुराज प्रभु**
**सनातन संस्था वाराणसी के लिए**
**(संपर्क क्र. – 9336287971)**

# 'किसानों ने किया बैठक, कहा नही देंगे जमीन



प्रखर पिंडरा वाराणसी। यूपीएसआईडीसी की जमीन पर अमूल प्लांट का लगना अब मुश्किल साबित हो रहा है। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) की बैठक में किसानों ने किसी भी कीमत पर जमीन देने को तैयार नहीं है। गुरुवार को करखियाव स्थित अमूल प्लांट के अधिग्रहित भूमि के पास किसानों की बैठक हुई जिसमें किसानों ने पुरानी दर पर जमीन पर कब्जा नही करने का निर्णय लिया। इसके लिए शासन व प्रशासन से आरपार की लड़ाई करने का दम्भ भरा। किसानों का आरोप था कि यूपीएसआईडीसी ने 2001 में धोखे में रखकर मनमाने ढंग से किसानों को मुआवजा राशि देकर अधिग्रहित किया। जिसे कत्तई स्वीकार नहीं है। किसानों का कहना था कि उक्त जमीन को 2013 में ऊंचे दामों में अमूल को बेच दिया। मामला कोर्ट में है। किसान बिना कोर्ट के फैसले को लागू किये किसी भी कीमत पर जमीन देने को राजी नहीं हुए। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह व संचालन राजकुमार यादव ने किया। बैठक में आशीष सिंह, रामानन्द यादव, राजकुमार राजभर,रामाश्रय, निहाला पाल, हरिश्चंद्र यादव,सोनारिका , गोविंद,जित्तल, प्यारी राजभर, बसन्ता राजभर, गोविंद, सुनील ,शांति देवी, शीला देवी,जीरा देवी समेत दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

# विकास के क्षेत्र में वार्ड संख्या 17 की बनेगी अलग पहचान – श्रीकृष्ण पांडेय



प्रखर खुटहन जौनपुर। क्षेत्र में विकास कार्य कई दशकों से रुका है।बिजली,पानी व सड़क की समस्या से क्षेत्रवासी लगातार जूझ रहे हैं।उक्त समस्याओं से निजात दिलाने के लिए विकास खंड खुटहन के वार्ड संख्या 17 के जिला पंचायत सदस्य पद के सबसे लोकप्रिय उम्मीदवार श्रीकृष्ण पांडेय बड़कऊ ने नए साल पर अपने संकल्प को दोहराया।उन्होंने अपने विकास कार्यों की संक्षिप्त जानकारी देते हुए कहा कि क्षेत्र के सभी गांवों को जन संपर्क मार्गों से जोड़ना व बिना कटौती की विद्युत आपूर्ति कराना उनकी पहली प्राथमिकता है।पेयजल की समस्या दूर करने के लिए हर घर नल अभियान चलाया जाएगा।श्री पांडेय ने नए साल पर क्षेत्र की बेहतरी के लिए कहा कि क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना व क्षेत्र से जनपद मुख्यालय तक रोड़वेज बस चलाने की मांग को पूरा कराया जाएगा। आपको बता दें कि श्रीकृष्ण पांडेय वर्तमान समय में अखिल भारतीय प्रधान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष व दैनिक हिंदी समाचार पत्र दि ग्राम टुडे उ.प्र. के संपादक भी हैं।श्री पांडेय लगातार ग्रामीण समस्यों के निराकरण के लिए पंचायती व्यस्था को मजबूत बनाए जाने के लिए लखनऊ से लेकर दिल्ली तक आंदोलन कर चुके हैं।उनके द्वारा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए किए जा रहे संघर्षों की चारों तरफ प्रशंसा हो रही है।क्षेत्र के विकास कार्यों को पूरा कराने के लिए क्षेत्रवासियों द्वारा उन्हें जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ाया जा रहा है।इसीलिए वार्ड संख्या 17 से जिला पंचायत सदस्य पद पर उनकी जीत पक्की मानी जा रही है।श्री पांडेय ने कहा कि यदि सभी लोगों का सहयोग व आशीर्वाद मिला तो नए साल से ही क्षेत्र में रुके विकास कार्य शुरू हो जाएंगे।उक्त जानकारी देते हुए श्रीकृष्ण पांडेय बड़कऊ ने सभी क्षेत्रवासियों व प्रदेशवासियों को नव वर्ष 2021 की शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# आगामी वर्ष में इक्कीस होने की कवायद !

यह अगला वर्ष ही जब इक्कीस है तो आप क्यों श्बीसश हो रहे ? लोग वैसे भी कहते हैं कि श्उन्नीस–बीसश का फर्क चल जाता है। फिर भी कोई श्उन्नीसश साबित नहीं होना चाहता।सबका प्रयास रहता है कि वो दूसरों से इक्कीस साबित हों। मतलब काबिलियत में दूसरों से आगे रहें। ऐसा उम्दा खयाल रखना बहुत अच्छी बात है, और सबको इस नए वर्ष की असीम शुभकामनाएं । अब बात कर लिजिए बीते वर्ष की तीन मुख्य चर्चित लोगों कि तो प्रथम , अपने उत्तर प्रदेश में योगी जी है जो दे धना धना हिदायते फेकते है, दूसरे स्थान पर कोलकाता की ममता दीदी है जो करबो लड़बो और मारबो के तर्ज पर राजनीतिक उपद्रव में विश्वास रखती है और तीसरे व्यक्ति है राहुल जी जिन्हे राजनीति कहने को तो आनुवंशिक मिली है पर जो ना उनके समझ में आती है ना उनके दीदी के । अपने योगी जी बीस है क्युकी बीस में उनका अभी ताजा आदेश आया कि वाहनों पर जाति लिखे मिले तो उत्तर प्रदेश में करो वाहन को सीज । ये खबर सुनकर मेरे एक साथी पत्रकार मित्र ने कहां जब चुनाव आयेगा और ये जाति के नाम पर परिसीमन और वोट मांगेंगे तो हम इन्हे भी सिज कर देंगे । उधर राहुल गांधी तो सबसे एक कदम आगे निकले अर्थात राहुल जी को इक्कीस की उपाधि दिया जा रहा । महाशय इक्कीस इसलिए भी कहे जा रहे क्युकी उन्होंने 24 घंटों में तीन करोड़ किसानों के हस्ताछर वाला ज्ञापन सप्रेम राष्ट्रपति जी को भेंट की और ननिहाल निकल लिए । वैसे जब तक श्इक्कीसश बनने में जान नहीं झोंकी जाती, आप श्बीसश पंर ही अटके रहते हैं, या कई बार उन्नीस कहलाने लायक भी नहीं बचते और उन्नीस रह गई ममता दीदी जिन्हे अमित शाह दबाए बैठे है बंगाल में । आप कोशिश नहीं करेंगे तो आप श्खयाली पुलावश के मास्टर कुक जरूर बने रह सकते हैं। वर्ष 2020 ज्यादातर लोगों के लिए निराशा भरा रहा। कोरोना ने सबको बेबस और लाचार कर दिया। चाहकर भी लोग अपनी बेहतरी के लिए कुछ नहीं कर पाए। कई महीनों तक सब सारा काम धाम बंद हो गया। न ठीक से चुनाव हुए, न रैलियां । सब ठप । अब उम्मीद है कि 2021 की शुरुआत प्रधानी चुनाव के मुर्गे मटन और दारू से हो ,तथा सबकी तरक्की और समृद्धि के लिए अच्छा साल साबित हो ।साल तो अपने आप इक्कीस हो जाएगा, लेकिन आपको श्इक्कीसश होने के लिए जतन करने होंगे। सबसे पहले हर तरह के डर को दूर कीजिए। चिंतन करें कि डर किस बात का है। अगर विफल होने से डरते हैं, तो आप कभी सफल नहीं हो सकते। स्वास्थ सम्बन्धी डर को आप खान–पान, फिटनेस एक्सरसाइजेज और अन्य सावधानियाँ बरतकर दूर कर सकते हैं। घर–परिवार से दूर जाने का डर भी आपके पैरों में बेड़ी डाल देता है। दोस्त, गली चौबारे छूटने का बदलाव भी डर पैदा करता है। अन्य जो भी डर हैं वो आपकी सावधानी और जागरूकता से दूर हो सकते हैं।जिन्दगी रुकनी नहीं चाहिए, वरना तरक्की रुक जाती है। ऐक्टर बनने के लिए तो रिस्क लेने की हिम्मत चाहिए। हिम्मत ही आपको दूसरों से आगे ले जाती है और आपको इक्कीस बनाती है।अगर आप पहले से तैयारी कर रहे हैं, तो फिर परिणाम देने में तन मन से जुटना होगा, ताकि जल्दी ही अच्छा काम मिले और कागजी बेरोजगारी दूर हो , लेकिन खुद को पॉलिश करना मत भूलिए। नए नए सेक्टर नेतागिरी में आना हैं, तो खुद की बेहतरी के लिए काम कीजिए। शारीरिक और मानसिक फिटनेस के साथ जनता को उल्लू बनाने के नए स्किल्स सीखने और उनके अभ्यास में जुटना होगा। डिक्शन, डायलॉग डिलीवरी, बॉडी लैंग्वेज, ऑब्जरवेशन, इमेजिनेशन, कॉनसन्ट्रेशन, मोनोलॉग, सीन, कैमरा फेसिंग और उद्घाटन की तैयारी आदि पर काम कीजिए। यही परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और संकल्प आपको बेहतर बनाएगा। तभी आप बीस से इक्कीस हो पाएंगे। आप गुजरे साल को कोसते रहने के बजाय, नए साल को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करें। क्योंकि अच्छा–बुरा जो भी रहा हो, वो गुजर गया है। उस बारे में ही सोचते रहने से आपको कुछ नहीं मिलने वाला। वक्त भी उल्टा आपके हाथ से निकल जाता है। इसलिए नए साल में आपको क्या करना है, क्या बनना है, इस बारे में अभी समय रहते चिंतन कीजिए।

**पंकज कुमार मिश्रा**


# खेसारीलाल यादव का रिलीज हुआ न्यू ईयर सांग, अब हो रहा वायरल



प्रखर मनोरंजन। कोरोना वायरस ने साल 2020 को जितना खराब किया , अब लोगों को उतनी ही उम्मीद है कि वैक्सीन के साथ साल 2021 अच्छा हो। इसकी झलक इन दिनों भोजपुरी गानों में देखने को मिल रही है। आज साल का आखिरी दिन है और सुपर स्टार खेसारीलाल यादव ने कोरोना के दर्द को भुलाते हुए नये साल के लिए अपना उम्मीद भरा नया गाना रिलीज कर दिया है। गाना है दृ 'चुम्मा चाटी के पार्टी होई'। यह गाना वेब म्यूजिक से रिलीज किया गया है, जिसे कुछ ही समय में लाखों व्यूज मिले हैं और यह गाना अब खूब वायरल भी हो रहा है।

fyad : https://youtu-be/4cutkF0740k

दरअसल, खेसारीलाल यादव का यह साल 2020 का अंतिम गाना है। इससे पहले भी वे न्यू ईयर को लेकर कई गाने बना चुके हैं और उसमें 2021 के स्वागत का फन देखने को मिला है। लेकिन गाना 'चुम्मा चाटी के पार्टी होई' में कोरोना और सोशल डिस्टेंसिंग की उकताहट को दर्शाते हुए नये साल के लिए अच्छी कामना की गई है। गाने को पवन पांडेय ने लिखा है, जो भोजपुरी इंडस्ट्री के सफल गीतकार हैं। इस गाने में आवाज खुद खेसारीलाल यादव ने दी है। म्यूजिक डायरेक्टर शंकर सिंह और पीआरओ रंजन सिन्हा हैं। डायरेक्टर संतोष राना हैं। गाने को लेकर खेसारीलाल यादव ने कहा कि 'चुम्मा चाटी के पार्टी होई' गाना पार्टी सौंग है। इसमें ऑडियंस को खूब मजा आने वाला है। हमारी कोशिश है कि हम बीती बातों से बाहर आकर नये साल में नई शुरूआत हंसी दृ खुशी करें। इसलिए हमने यह पार्टी सौंग रिलीज किया है। उम्मीद है सबों को पसंद आयेगी और आप इस पर खूब झूमने वाले भी हैं।




# राजकुमार प्रसाद ने कास्टिंग डायरेक्शन के क्षेत्र में बनाया उम्दा मकाम



प्रखर मनोरंजन। फिल्म हो या सीरियल, उसमें जितनी अहम भूमिका निर्माता – निर्देशक की होती है, उतना ही महत्वपूर्ण भूमिका कास्टिंग डायरेक्टर की भी होती है। ऐसे ही एक कास्टिंग डायरेक्टर राजकुमार प्रसाद हैं, जो भारतीय टीवी इंडस्ट्री के सबसे सीनियर कास्टिंग डायरेक्टर हैं और वे अब तक कुंडली भाग्य (धीरज धूपर), गुड्डन (कनिका मान), बहु बेगम (डायना खान), तेरा क्या होगा आलिया (हर्षद अरोड़ा) जैसे लोकप्रिय धारावाहिक के लिए कास्टिंग कर चुके हैं। बता दें कि राजकुमार प्रसाद उस समय से कास्टिंग डायरेक्टर हैं, जब टेलीवीजन में ये कंसेप्ट भी नहीं था। बिहार के नालन्दा जिले तेतरावां से आने वाले राजकुमार प्रसाद अपने हर काम को एक चाईलेंज के रूप में लेते हैं और उन्होंने हर बार यह साबित किया हैं कि उनके द्वारा की गई कास्टिंग सफल रही है। चाईलेंज से उन्हें प्यार है और खुद पर भरोसा है, जिससे वे अपने काम को बखूबी अंजाम दे जाते हैं। लेकिन ये सब उनके लिए इतना आसान नहीं था। मुम्बई किसी को आसानी से कुछ नहीं देती, वो भी जब आप देश के सुदूर दूसरे किसी छोटे से राज्य से आते हों। तब तो आपके लिए मुंबई में सर्वाइवल ही पहली चुनौती हो जाती है, जिसका सामना राजकुमार प्रसाद को भी करना पड़ा। उनके पिता किसान थे, जिनके लिए फिल्म बर्बादी थी और वे चाहते थे कि उनका बेटा पढ़ लिख कर किसी सरकार महकमे में अधिकारी बने। लेकिन राजकुमार बचपन से फिल्मों के पीछे पागल थे। सो फिल्म देखने के चक्कर में कई बार पिता और चाचा के हाथों पिटाई भी हुई। फिर भी फिल्म के प्रति उनका जुनून कम नहीं हुआ। दसवीं पास कर बिहार शरीफ आ गए, जहां फिल्म देखना उनके लिए आसान हो गया। यहां सिनेमाघर में घुसकर यही सोचते थे कि ढाई घन्टे की क्लास है। उन्होंने थिएटर भी किये। बहरहाल, राजकुमार साल 1997 में मुंबई आ गए, जहां उनको अनुमान से ज्यादा स्ट्रगल करना पड़ा। किसी तरह छत तो मिली, पर काम नहीं। स्थिति विपरीत थी, मगर बुलंद हौसलों ने उन्हें बिखरने नहीं दिया और वे डटे रहे। नतीजा उन्हें मशहूर निर्देशक आंनद महेंद्रू की साथ बतौर सहायक निर्देशक का काम मिल गया। इस साल 2003 में राजकुमार न्ज्ट और सिद्धांत सिने विजन से जुड़कर काम शुरू किया, मगर उनकी जिंदगी में बदलाव ै।ठ के साथ जुड़कर आया। यहां उन्हें कास्टिंग डायरेक्टर की पहचान मिली और 12 सालों तक ै।ठ के साथ काम किया। इसके बाद तो उन्होंने कभी मुड़कर पीछे नहीं देखा और एक के बाद एक कई धारावाहिक के लिए सफलतापूर्वक कास्टिंग की। फिर वो भी समय आ गया जब एक सफल कॉस्टिंग डायरेक्टर के बाद उन्होंने एक और सपना देखा। क्योंकि उनका सफर किसी एक मंजिल के मोहताज नहीं था, तो उन्होंने राजकुमार क्रिएशन की नींव रख दी, जो मुख्यतः एक कास्टिंग एजेंसी है। इसका मुख्य उद्देश्य टीवी को लोकप्रिय और प्रतिभाशाली कलाकार देना, छुपी हुई प्रतिभा को उभरना व नए लोगों का सही मार्गदर्शन करना है। इस बारे में राजकुमार प्रसाद का साफ कहना है कि राजकुमार क्रिएशन की सोच है कि हम अच्छे कलाकारों को अच्छे प्रोजेक्ट से जोड़े। उन्होंने कहा कि अगर आप में प्रतिभा है, तो कोई ताकत आपको आगे बढ़ने से नहीं रोक सकता। इसी हौसले ने मुझे भी बिहार के एक साधारण से गाँव से निकाल कर आज मुंबई तक पहुंचा दिया है। शायद यही वजह है कि आज राजकुमार प्रसाद टीवी इंडस्ट्री में कास्टिंग के क्षेत्र में शीर्ष पर काबिज होकर बिहार को गौरवान्वित करते हैं। साथ ही बिहार के प्रतिभाशाली लोगों को प्रेरित भी करते हैं कि जहां चाह होती है, वहाँ ही राह है। जरूरत है अपने मजबूत इरादों के साथ हर विपरीत स्थिति में डटे रहने की।

## नगर पंचायत बृजमनगंज के मुख्य मार्ग पर लगा कूड़ो का ढेर, बयां कर रहा स्वछता अभियान की हकीकत



प्रखर पूर्वांचल बृजमनगंज न्यूज। स्वच्छ भारत अभियान के तहत पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है वहीं नवसृजित नगर पंचायत बृजमनगंज में गंदगी का अंबार लगा है जो कस्बेवासियों को मुंह चिढ़ा रहा है। बृजमनगंज में साफ सफाई की बात की जा रही है जो विभागीय उदासीनता के चलते कस्बे के मुख्य बाजार के बीच में ही कूड़ो का ढेर लगा हुआ है। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग किया की जल्द से जल्द इस समस्या से कस्बेवासियों को निजात दिलाये। लगता है गंदगी ही यहां की पहचान बन गई है। नगर पंचायत में कार्यालय का भी उद्घघाटन हो चुका है पर कोई अधिकारी यहाँ बैठने की जहमत नही उठता। लोग अपनी समस्या को किस कहे। यह कभी कभी आते भी है तो कुछ चुनिन्दा लोग से मिल कर चले जाते है। स्वछता के नाम पर केवल मुख्य कस्बे की सफाई की जा रही जबकि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था बदहाल है। गाँव की नालियां भी जाम है नगर पंचायत के लेदवा चौराहा, शेखपुर, मनसबगढ़, अमकोट, रत्तूपुर, जहलीपुर, हरनामपुर सहित अन्य स्थानों पर सफाई व्यवस्था बदहाल है।

# लोकबंधु राजनारायण की 34वीं पुण्यतिथि को महिला एवं किसान उत्थान संकल्प दिवस के रूप में सपा कार्यकर्ताओं ने नगवां अस्सी में मनाया



प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आदेश पर एवम युवजनसभा प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गिरी के निर्देश पर युवजनसभा महानगर द्वारा समाजवादी पुरोधा लोकबंधु राजनारायण की 34वीं पुण्यतिथि को महिला एवं किसान उत्थान संकल्प दिवस के रूप में महानगर अध्यक्ष सत्यप्रकाश सोनकर सोनू और पूर्व पार्षद वरुण सिंह के नेतृत्व नगवां अस्सी में मनाया गया । कार्यक्रम में महिलाओं को सशक्त रहने का संकल्प दिलाया गया । गोष्ठी में महानगर अध्यक्ष सत्यप्रकाश सोनकर सोनू ने कहा 1975 ।प्ट 865, 1975 ैब् (3) 333) इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा निर्णीत एक केस था जिसमें भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को चुनावी कदाचार का दोषी पाया गया था। यह केस सन १९७५ में राजनारायण द्वारा दायर किया गया था जो चुनाव में इंदिरा गांधी से हार गये थे। न्यायमूर्ति जगमोहनलाल सिन्हा ने अपने ऐतिहासिक निर्णय में श्रीमती गांधी की जीत को अवैध करार दिया और उन्हें ६ वर्ष के लिये चुनाव लड़ने से रोक लगा दी। इस निर्णय से भारत में एक राजनीतिक संकट खड़ा हो गया और इन्दिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा कर दी जो १९७५ से १९७७ तक रहा। पूर्व पार्षद वरुण सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि देश में अघोषित आपातकाल की स्थिति है। मौजूदा सरकार संवैधानिक व लोकतांत्रिक संस्थाओं को नष्ट कर रही है। किसानों के खिलाफ कानून के जरिए भय और भेदभाव का वातावरण पैदा किया जा रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन से उपजे राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक लक्ष्यों के विपरीत देश को हिंसा, नफरत और धार्मिक भेदभाव की दिशा में ले जाने की कोशिश की जा रही है। ऐसे माहौल में लोकबंधु राजनारायण के संघर्षमय विचार और कार्य से प्रेरणा लेकर जुल्म–अन्याय और गैर बराबरी के खिलाफ डट कर खड़े होने की आवश्यकता है ताकि देश में भय का वातावरण खत्म किया जा सके। कैण्ट विधानसभा अध्यक्ष युवजनसभा अरविन्द यादव गोलू व युवजनसभा महानगर उपाध्यक्ष संजय यादव ने कहा भारतीय लोकतांत्रिक राजनीति में लोकबंधु राजनारायण आम आदमी के हित चिंतक थे। इनकी बेहतरी के लिए उन्होंने आजीवन संघर्ष किया। स्वार्थी और सत्ता उन्मुखी सियासी धारा को जिस तरह से उन्होंने परोपकारी राजनीतिक दरिया के रूप में परिणत करने की भगीरथ कोशिश की, उसी के बल पर जम्हूरी इतिहास में उन्होंने अपना नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित करवा लिया। महिलाओं , किसानों के हक की लड़ाई हमेशा लड़ते रहे । वीरेन्द्र यादव महानगर उपाध्यक्ष व्यपार सभा व महानगर महासचिव युवजनसभा राकेश कुमार पॉल ने कहा जब भारतीय राजनीति में सुप्रसिद्ध कांग्रेसी राजनेता और तत्कालीन लौह महिला प्रधानमंत्री श्री मती इंदिरा गांधी और यूपी के मुख्यमंत्री हेमवती नन्दन बहुगुणा की तूती बोलती थी, तब अत्यंत कड़ी मेहनत और काफी मशक्कत से अपने अपार जनकौशल का परिचय देते हुए जिस तरह से लोकबन्धु राजनारायण जी ने सबको एक जगह इकठ्ठा किया और इंदिरा गांधी को उनके गढ़ रायबरेली में शिकस्त देकर अपनी समाजवादी राजनीति के लिये अत्यंत उर्वर जमीन तैयार की, उसके लिये परवर्ती समाजवादी राजनेता सदैव उसके ऋणी रहेंगे । अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त करते हुए कहा राजनारायण जी एक उदार समाजवादी नेता थे। उन्होंने जातिवाद और साम्प्रदायिकता से ऊपर उठकर पूरी मानवता के लिये बेहतर काम किया। इसलिये तमाम समकालीन नेताओं के बीच ध्रुवतारा की तरह वो चमकते रहे। शिखर समाजवादी नेताओं के बीच वो आज भी अग्रगण्य हैं। यह कड़वा सच है कि जब उनका स्वर्गवास हुआ तो उनके बैंक खाते में मात्र 1450 रूपये थे जो उनकी ईमानदारी के प्रबल परिचायक बने। वो चुम्बकीय व्यक्तित्व के स्वामी थे। उन्होंने अपनी 800 बीघे की पैतृक जमींन को भूमिहीन दलितों के बीच बाँट दिया और ताउम्र गरीबों की बेहतरी के लिये संघर्ष किया। कहना न होगा कि गरीबी उन्मूलन के अपने पवित्र उद्देश्य में वो एक हद तक सफल भी रहे। महिला एवं किसान उत्थान संकल्प गोष्ठी में प्रमुख रूप से वरुण सिंह , सत्यप्रकाश सोनकर सोनू , संजय यादव , अरविंद यादव गोलू ,रेखा पाल , स्वपनील सोनकर सौरभ , सुजाता यादव , मधु यादव , राकेश कुमार पॉल , वीरेन्द्र यादव , किशन कनौजिया , परमेश्वर तिवारी , प्रतीक कन्नौजीया सहीत अन्य लोग शामिल रहे।

# नए साल के जश्न में भी बरतें कोरोना से सावधानी




**खतरा अभी टला नहीं, दो गज दूरी व मास्क है जरूरी**

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। कोविड–19 का खतरा अभी टला नहीं है, इसलिए इससे बचाव के नियमों का पालन करना उतना ही जरूरी है जितना पहले था। कोरोना के चलते इस बार स्थितियां बदली हुई हैं, इसलिए खुशियां बरकरार रखने के लिए प्रार्थना स्थलों पर भी सावधानी बरतना बहुत जरूरी है। कोशिश हो कि जिस स्थल पर समारोह हो रहा है, वहां पर उतनी ही संख्या में लोगों को प्रवेश दिया जाए जिससे लोगों में उचित दूरी का पालन हो सके। नए साल के स्वागत समारोहों व पार्टी आयोजकों से लेकर उसमें शामिल होने वालों तक को भी हर कदम पर स्वस्थ व्यवहार अपनाने की सख्त जरूरत है। सरकार ने इन आयोजनों को लेकर दिशा–निर्देश जारी किया है, जिसका पालन करते हुए ही कोई कार्यक्रम आयोजित करना सभी की भलाई के लिए जरूरी है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एके मौर्य का कहना है कि कोविड से सभी को सुरक्षित करने के लिए जरूरी है कि समारोह या पार्टी स्थल पर प्रवेश एवं निकास के लिए अलग–अलग द्वार हों। प्रवेश द्वार पर सैनिटाइजर की व्यवस्था हो, कार्यक्रम स्थल पर केवल बिना लक्षण वाले स्टाफ एवं आगंतुकों को प्रवेश दिया जाए। यदि लक्षण नजर आते हैं तो चिकित्सीय सहायता की सलाह दी जाए। स्टाफ व आगंतुकों को मास्क पहनना अनिवार्य होगा और एक–दूसरे से दो गज की दूरी बनाकर रखनी होगी। यह सभी मानक पार्किंग स्थल और स्टाल पर भी करना होगा। धार्मिक आयोजन स्थलों पर जहाँ तक संभव हो जूते–चप्पल गाड़ी में ही उतारकर कार्यक्रम स्थल पर जाएं या तो प्रवेश द्वार के निकट हर परिवार के जूते–चप्पल अलग अलग रखे जाएं। कार्यक्रम स्थल पर कोरोना से बचाव संबंधी पोस्टर, बैनर, आदि प्रमुख रूप से लगाई जाएं। डॉ मौर्य ने सभी वर्ग से आह्वान किया है कि त्योहारों और नए साल के जश्न को घर पर ही परिवार के साथ मनाएं और खुद सुरक्षित रहने के साथ दूसरों को भी सुरक्षित रखे।


# पुलिस अधीक्षक द्वारा बाल भिक्षावृत्ति के उन्मूलन हेतु मिशन शक्ति के तहत किया गया बैठक

प्रखर महराजगंज। जनपद महाराजगंज पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम हेतु बैठक का आयोजन किया गया जिसकी प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई जिसके अनुसार पुलिस द्वारा प्राप्त देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों, लावारिस शिशूओ,पाक्सो एवं अन्य धाराओं में संदर्भित बालिकाओं को प्राप्ति के 24 घंटे के अंदर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के संदर्भ में। 2– महिला एवं बच्चों को स्थानीय पुलिस थाना के बाल कल्याण अधिकारी, महिला कांस्टेबल,एन जी ओ, चाइल्ड लाइन, बाल संरक्षण एवं महिला कल्याण विभाग के साथ मिलकर "बाल भिक्षावृत्ति के उन्नमुल्लन हेतु सघन जागरूकता अभियान" एवं "मिशन शक्ति अभियान " के सन्दर्भ में। 3दृ भारत नेपाल सीमा क्षेत्र मे आने वाले मुख्य रास्ते,बस स्टैंड,आटो स्टैंड आदि स्थानों पर बार्डर क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं के माध्यम से मानव तस्करी केस हेतु निगरानी एवं कानूनी कार्रवाई के सन्दर्भ में। 4– सभी पुलिस थानों में बाल कल्याण अधिकारी का नाम, मोबाइल नंबर लिखने एवं बालध् महिला हेल्पडेस्क के संचालन के सन्दर्भ में। उपरोक्त एजेंडों पर चर्चा करते हुए निम्न निर्णय लिया गया।

अगले बैठक में बच्चों का मिसिंग का ब्योरा प्रत्येक थानो से बाल कल्याण अधिकारी से मांगा गया , एवं सभी थानों पर बाल कल्याण अधिकारी के नाम व मो.न. लेखन के साथ ही साथ बच्चों से संबंधित हर थानों पर बाल कल्याण अधिकारी को एक रजिस्टर रखना होगा। इसी क्रम में बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन सघन जागरूकता अभियान एवं मिशन शक्ति अभियान पर कार्य करने है।बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह बैठक प्रति माह किया जाएगा।एवं सभी के साथ सामंजस्य बना कर मानव तस्करी रोकने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में चर्चा कर ।भ्ज्न् प्रभारी शकील अहमद जी बताया कि कहीं भी किसी भी प्रकार की मानव तस्करी होते देखे तो हमें तत्काल सुचित करें। बैठक में एसएसबी 66 वीं बटालियन के कमांडेंट श्री ब्रजित ,22 वीं के मनोज सजनवाल, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री विनोद तिवारी,मानव सेवा ।

# कोरोना महामारी के पुतले को जलाकर नये वर्ष का किया आगाज – चेयरमैन गुड्डू खान

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। जनपद महराजगंज नौतनवा नगर पालिका अध्यक्ष गुड्डू खान ने वर्ष 2020 की समाप्ति पर कोरोना के प्रतीक पुतले को आज नगर के हनुमान चौक पर जलाया तथा लोगो से खासकर युवाओं से नववर्ष 2021 के आगमन की खुशी को सोसल डिस्टेंस के साथ कोरोना के गाइडलाइंन का पालन करते हुए शांति के साथ मनाने की अपील किया,और लोगो द्वारा ष्गो–बैक– कोरोना, गो–बैक–कोरोना का नारा भी लगाया गया।नव वर्ष प्रारम्भ होने में अब कुछ ही घण्टे बचे है लोग नववर्ष का जश्न अपने तरीके से खुशी–खुशी व हर्षोल्लास के साथ नाच–गा–कर मनाने की तैयारी शुरू कर दिए है। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि ष्आज 2020 समाप्त हो रहा है और 2021 का आगाज होने जा रहा है युवा इसको लेकर काफी संजीदा व खुश है,बीते हुए वर्ष का काफी बुरा अनुभव रहा जो अब गुजरने को है इसलिए कोरोना के पुतले को जलाकर कोरोना को भगाने का प्रयास किया गया हैं,ताकि पुराने वर्ष के साथ ही महामारी का भी अंत हो। इस अवसर पर शाहनवाज खान,राजेश ब्वाएड, भानू कुमार,मो0 शकील,प्रमोद पाठक,धीरेन्द्र सागर,अशोक कुमार, राजकुमार गौड,राजकुमार अग्रहरी,सादाब अन्सारी, खुर्शेद आलम, अशलान खान,सरदार रम्पी सिंह, आरिफ कुरैशी,किसमती देवी, मो0 आनीफ आदि लोग उपस्थित रहे।




# संजय डॉक्टर के निधन से कांग्रेसजन सदमे मे



प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। महानगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष फसाहत हुसैन बाबू, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव हसन मेंहदी कब्बन, पार्षद विनय शादेजा महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव आशीष पाठक ने एक संयुक्त बयान में कांग्रेस पार्षद संजय सिंह डॉक्टर के निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि सबके दिलों पर राज करने वाले हम सबके बीच के साथी सदन से सड़क तक जनता के हक हुकूक की लड़ाई लड़ने वाले साथी के निधन से आज पूरा वाराणसी कांग्रेस परिवार दुःखी और सदमे में है। निधन का समाचार सुनते ही उनके आवास पर और पूर्व विधायक अजय राय जी से मिलने वालों का तांता लगा रहा पार्षद संजय सिंह का पूर्व विधायक अजय राय जी से बहुत ही नजदीकी रहे। संजय डॉक्टर सरल स्वभाव आपसी भाईचारे के बदौलत सबके प्रिय थे और लगातार तीसरी बार पार्षद निर्वाचित हुए थे।उक्त नेताओं ने कांग्रेस के इस दुखद समय में नववर्ष ना मनाने का फैसला किया है।

# अमिट रेखा के सुनील पांडेय को बनाया गया मंडल प्रभारी लोगों ने दी बधाई

प्रखर पूर्वांचल ब्यूरो महाराजगंज। महाराजगं जनपद के तेजतर्रार रिपोर्टर सुनील पांडेय को उनके अच्छे कार्य को देखते हुए जिला प्रभारी से मंडल प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। मिली जानकारी के अनुसार दैनिक अमिट रेखा के सम्पादक द्वारा महराजगंज जिला प्रभारी से मंडल प्रभारी बनाया गया और उनके कार्यों की सराहना भी की गई । वही प्रेस क्लब आफ महराजगंज जिला अध्यक्ष अमित त्रिपाठी, दैनिक जागरण वरिष्ठ पत्रकार केशव मिश्रा , सी न्यूज ब्यूरो चीफ अंगद शर्मा, खबर 7ब ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता, सी न्यूज तहसील प्रभारी फरेन्दा इसराइल खान, देवानंद यादव डायनामाइट न्यूज तहसील प्रभारी राहुल पांडेय ,मानवाधिकार मीडिया सौरभ, प्रखर पूर्वांचल ब्यूरो मीडिया जगदंबा जायसवाल ,पत्रकार गौरव जयसवाल ,ईटीवी सीनियर पत्रकार जियाउद्दीन अंसारी, सर्वेश गुप्ता, मनोज पाण्डेय अमिट रेखा मुनीर आलम राजन सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई दिया।




# पुलिस अधीक्षक द्वारा बाल भिक्षावृत्ति के उन्मूलन हेतु मिशन शक्ति के तक किया गया बैठक




प्रखर महाराजगंज। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम हेतु बैठक का आयोजन किया गया जिसकी प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई जिसके अनुसार पुलिस द्वारा प्राप्त देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों, लावारिस शिशूओ,पाक्सो एवं अन्य धाराओं में संदर्भित बालिकाओं को प्राप्ति के 24 घंटे के अंदर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के संदर्भ में। 2– महिला एवं बच्चों को स्थानीय पुलिस थाना के बाल कल्याण अधिकारी, महिला कांस्टेबल,एन जी ओ, चाइल्ड लाइन, बाल संरक्षण एवं महिला कल्याण विभाग के साथ मिलकर "बाल भिक्षावृत्ति के उन्नमुल्लन हेतु सघन जागरूकता अभियान" एवं "मिशन शक्ति अभियान " के सन्दर्भ में। 3– भारत नेपाल सीमा क्षेत्र मे आने वाले मुख्य रास्ते,बस स्टैंड,आटो स्टैंड आदि स्थानों पर बार्डर क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं के माध्यम से मानव तस्करी केस हेतु निगरानी एवं कानूनी कार्रवाई के सन्दर्भ में। 4– सभी पुलिस थानों में बाल कल्याण अधिकारी का नाम, मोबाइल नंबर लिखने एवं बालध् महिला हेल्पडेस्क के संचालन के सन्दर्भ में। उपरोक्त एजेंडों पर चर्चा करते हुए निम्न निर्णय लिया गया। अगले बैठक में बच्चों का मिसिंग का ब्योरा प्रत्येक थानो से बाल कल्याण अधिकारी से मांगा गया , एवं सभी थानों पर बाल कल्याण अधिकारी के नाम व मो.न. लेखन के साथ ही साथ बच्चों से संबंधित हर थानों पर बाल कल्याण अधिकारी को एक रजिस्टर रखना होगा। इसी क्रम में बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन सघन जागरूकता अभियान एवं मिशन शक्ति अभियान पर कार्य करने है।बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह बैठक प्रति माह किया जाएगा।एवं सभी के साथ सामंजस्य बना कर मानव तस्करी रोकने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में चर्चा कर ।भ्ज्न् प्रभारी शकील अहमद जी बताया कि कहीं भी किसी भी प्रकार की मानव तस्करी होते देखे तो हमें तत्काल सुचित करें। बैठक में एसएसबी 66 वीं बटालियन के कमांडेंट श्री ब्रजित ,22 वीं के मनोज सजनवाल, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री विनोद तिवारी,मानव सेवा ।

# वाराणसी पुलिस सिंघम की तर्ज पर निरंतर रही चर्चा में



प्रखर कछवाँरोड वाराणसी। आदर्श कोतवाली मिर्जामुराद वाराणसी के कोतवाल सुनील दत्त दुबे सिंघम जी अपने थाना क्षेत्र में अपने कर्तव्य को निष्ठा पूर्वक निभाते हुए देखे गये वही आज थाना मिर्जामुराद जनपद वाराणसी की पुलिस द्वारा आज रात 9.00 बजे से एंटी ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान शुरू किया जाएगा इसके लिए तीन पैंथर मोबाइल सव 4 अलग से टीमें बनाई गई है। प्रत्येक टीम एक उपनिरीक्षक के नेतृत्व में रहेगी शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करके उनके वाहन को जब्त किया जाएगा। वही कोतवाल सुनील दत्त दुबे सिंघम अपने क्षेत्र में किसी अपराधी को अपने नजरों से बच के जाने नहीं देते वहीं क्षेत्र में कोतवाल सुनील दत्त दुबे सिंघम जी हमेशा चर्चा व्याप्त रहता है।

# कोतवाल सुनील दत्त दुबे सिंघम गुमशुदगी की खोज में रहे न01




प्रखर कछवाँरोड वाराणसी। आदर्श कोतवाली मिर्जामुराद वाराणसी, पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस लखनऊ महोदय के आदेश के अनुपालन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय वाराणसी के नेतृत्व में व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय व क्षेत्राधिकारी बड़ागांव श्री एनपी सिंह के कुशल पर्वेक्षण में नाबालिक बच्चों व बच्चियों को खोज कर उनके परिजनों तक पहुंचाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सुनील दत्त दुबे सिंघम प्रभारी निरीक्षक व उपनिरीक्षक राधेश्याम आदि के नेतृत्व में थाना मिर्जामुराद की टीम के द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 255/20 धारा 363 आईपीसी के तहत नाबालिक 14 वर्ष की बच्ची को खोज कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर उन को नववर्ष की सौगात प्रदान की है।

# .वाराणसी में विभिन्न्न स्थानों पर किए गये कोरोना एंटीजन टेस्ट

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा के निर्देशन में आज जनपद के स्टेटिक बूथों एवं स्टेशनों पर मास ग्रुप कोरोना एंटीजन टेस्ट किए गए । इस क्रम में कबीरचौरा एसएसपीजी हास्पिटल में 235 व्यक्तियों के कोरोना टेस्ट में सभी व्यक्ति निगेटिव पाये गये । जिला महिला चिकित्सालय में 121 मरीजों के कोरोना टेस्ट में सभी व्यक्ति निगेटिव पाये गये । शिवपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 30 मरीजों के कोरोना टेस्ट में सभी व्यक्ति निगेटिव पाये गये । विवेकानंद हास्पिटल, भेलूपुर में 62 मरीजों के कोरोना टेस्ट में सभी व्यक्ति निगेटिव पाये गये । एलबीएस हॉस्पिटल, रामनगर में 99 मरीजों के कोरोना टेस्ट में सभी व्यक्ति निगेटिव पाये गये। बीएचयू सर सुंदर लाल चिकित्सालय में 92 मरीजों और व्यक्तियों के कोरोना टेस्ट सभी व्यक्ति निगेटिव पाये गये । इसके अलावा कैंट रेलवे स्टेशन में 54 यात्रियों के कोरोना टेस्ट में सभी व्यक्ति निगेटिव पाये गये और मंडुवाडीह रेलवे स्टेशन में 33 यात्रियों के कोरोना टेस्ट में सभी व्यक्ति निगेटिव पाये गये । इसके साथ ही आज आरटीपीसीआर जांच के लिये कबीरचौरा एसएसपीजी हास्पिटल से 192, जिला महिला चिकित्सालय से 100, विवेकानंद हॉस्पिटल भेलूपुर से 31 एवं बीएचयू सर सुंदर लाल चिकित्सालय से 65 व्यक्तियों के सैंपल भेजे गए ।

# श्री अम्बिका प्रसाद सिंह भैरव नाथ इंटर कॉलेज में लोकबंधु राजनारायण की ४४ वीं पुण्यतिथि मनाई गई



प्रखर वाराणसी। इस अवसर पर विद्यालय में पधारे मुख्य अतिथि गण श्री अवधेश सिंह, श्री संजय सिंह, प्रबंधक, नव ज्योति इंटर कॉलेज, अदलहाट, श्री रविन्द्र बहादुर सिंह, प्रधानाचार्य, युगल बिहारी इंटर कॉलेज, रामेश्वर, श्री दिवाकर सिंह, प्रधानाचार्य, जय किसान इं कॉलेज सरौनी, श्री विद्यासागर राय, प्रधानाचार्य, देव मूर्ति इंटर कालेज, दबेथुआं, डॉ श्रीप्रकाश द्विवेदी, प्रधानाचार्य, बद्री इंटर कॉलेज, कनियर, श्री विपिन राय, प्रधानाचार्य, जगत पुर इंटर कॉलेज, जगतपुर के समक्ष बच्चों ने भजन प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने लोकबंधु के व्यक्तित्व पर अपने विचार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह शैलू ने गरीबों को कंबल भेंट किया। संचालन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य श्री विनय कुमार श्रीवास्तव ने किया।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं